दैनिक

नईदुनिया

राम नवमी की शुभकामनाएं

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

www.naiduniaonline.com

वर्ष- 77 (भोपाल : वर्ष 39 अंक 138,पृष्ठ 12) बुधवार 17 अप्रैल 2024 राजधानी संस्करण कीमतः 3:00 रुपये

नवम्-माता सिद्धीदात्रि

सिद्ध गन्धर्व यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥

खास-खबरें

इंदौर के पटाखा कारखाने में विस्फोट, तीन मजदूर झुलसे

इंदौर (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में मंगलवार को एक पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में तीन मजदूर झुलस गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) उमाकांत चौधरी ने बताया कि आम्बा चंदन गांव से करीब पांच किलोमीटर दूर जंगली इलाके में चलाए जा रहे कारखाने में रस्सी बम बनाने के दौरान हुए विस्फोट में तीन मजदूरों के घायल होने की प्राथमिक सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि तीनों घायलों को इंदौर के चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौधरी ने बताया कि इनमें से एक मजदूर इंदौर का है, जबकि दो अन्य महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के मूल निवासी बताए जा रहे हैं।

माफियाओं का महिमा मंडन कर फातिहा पढ़ते हैं विपक्षी नेताः योगी

बिजनौर/ शामली (एजेंसी)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुये कहा कि यह माफिया-अपराधियों का महिमा मंडन करते हैं और उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं। नगीना व कैराना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि कल मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। योगी ने नगीना से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार के पक्ष में कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा।

प्रधानमंत्री का तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला

बंगाल घुसपैठियों के लिए सुरक्षित शरणस्थली :मोदी

रायगंज/बालुरघाट (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर हमला तेज करते हुए सत्तारूढ़ दल पर बंगलादेश और रोहिंग्या घुसपैठियों को यहां बसने की अनुमति देकर और भारतीय नागरिकों के अधिकारों में कटौती करके पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकी को बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

श्री मोदी ने कहा कि बंगलादेश और रोहिंग्याओं के घुसपैठियों के आने से राज्य की जनसांख्यिकी बदल रही है क्योंकि उन्हें बंगाल में सुरक्षित शरण मिली हुई है और टीएमसी शासन के तहत भारतीय नागरिकों के अधिकारों में कटौती की जा रही है। उन्होंने रायगंज लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार कार्तिक पाल के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में रामनवमी की रैलियों की अनुमति नहीं दी गई है और अगर ऐसी रैलियां अन्य तरीकों (न्यायपालिका) द्वारा अनुमति दी

गई, उनके साथ पथराव और ब्रिक बैटिंग हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी की विभाजनकारी नीति के कारण बंगाल के लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और वह नागरिका संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। सीएए यहां बसे शरणार्थियों के लिए भारतीय नागरिकता की गारंटी है। श्री मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य से प्रदेश में आम लोगों के लिए कोई निर्धारित सरकारी (शेष पेज 2 पर)

हमारे एजेंडे में विकास भी और विरासत भी, कांग्रेस ने मौका गंवाया

गया/ पूर्णिया (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के गया में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए विपक्षियों को निशाने पर लिया। इस दौरान मोदी ने कहा कि देश में फिर एक बार एनडीए की सरकार बनने जा रही है। पहली बार किसी पार्टी के घोषणापत्र को गारंटी कार्ड नाम दिया गया है। विकसित भारत के लिए विकसित बिहार की जरूरत है। ये वो धरती है जिसने मगध का ऐश्वर्य देखा है, जिसने बिहार का वैभव देखा है। संयोग से आज जब मैं गया जी आया हूं, तो नवरात्रि भी है और आज ही सम्राट अशोक की जयंती भी है। सदियों बाद आज एक बार फिर भारत और बिहार अपने उस प्राचीन गौरव को लौटाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। हमारे एजेंडे में विकास भी और विरासत भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने गया में एक रैली में कहा कि यह चुनाव विकसित भारत और विकसित बिहार के लिए है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को छिंदवाड़ा में भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के समर्थन में विशाल रोड शो किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी मौजूद थे।

शाह के स्वागत के लिए उमड़ा जनसैलाब भगवामय हुई यात्रा मार्ग की सड़कें

भोपाल(काप्र)। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार की शाम छिन्दवाड़ा में भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के समर्थन में रोड शो किया। अमित शाह ने फव्वारा चौक से बडी माता मंदिर, छोटी बाजार तक जनता का अभिवादन कर भाजपा प्रत्याशी के लिए आशीर्वाद मांगा।

श्री शाह ने नगर शक्ति पीठ श्री बड़ी माता मंदिर, छोटी बाजार में दर्शन पूजन कर देश और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की और रोड शो का समापन किया। रोड शो फव्वारा चौक से प्रारंभ होकर गल्ला बाजार, कमानिया गेट, गोल गंज, मन्ना महाराज मैन रोड होते हुए बड़ी माता मंदिर पहुंचा। श्री शाह के रोड शो के दौरान यात्रा मार्ग की दोनों तरफ की सड़कें भगवामय हो गयी। आम जनता ने घरों से पुष्पवर्षा कर मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों के साथ श्री अमित शाह जी का स्वागत किया। इस दौरान यात्रा मार्ग में विभिन्न समाज के नागरिकों द्वारा मंच लगाकर स्वागत किया, वहीं श्री शाह ने उनका अभिवादन किया।

रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के साथ वाहन में सवार होकर गृहमंत्री ने स्थानीय नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो के दौरान छिन्दवाड़ा के नागरिकों एवं कार्यकताओं में खासा उत्साह था। रोड शो मार्ग में विभिन्न सांस्कृतिक झांकियां सुसज्जित की गयी थीं। रोड शो के दौरान आदिवासी अंचल से पांरपरिक गोंडी शैला नृत्य, क्षेत्रीय वेशभूषा में नृत्य करते नजर आए। वहीं सामाजिक, व्यापारिक, महिला सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने स्थान-स्थान पर भव्य स्वागत किया।

यूपीएससी सिविल सेवा 2023 के परिणाम घोषित

लखनऊ के आदित्य ने किया टॉप

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूपीएससी सिविल सेवा 2023 के परिणाम घोषित हो गए हैं। सिविल सेवा परीक्षा 2023 में 1, 016 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 में टॉप किया है। वहीं, अनिमेष प्रधान और डोनुरु अनन्या रेड्डी को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिला है।

यूपीएससी की इन परीक्षाओं में कुल 180 उम्मीदवार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के लिए चुने गए हैं। वहीं, 200 उम्मीदवार इंडियन पुलिस सर्विस यानी आईपीएस के लिए चुने गए हैं। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के लिए 37 उम्मीदवारों का चयन हुआ है। इन परीक्षाओं के माध्यम से 613 उम्मीदवारों का चयन केंद्र सरकार के विभिन्न ग्रेड ए पदों पर हुआ है। 113 उम्मीदवार ग्रेड बी पद के लिए चुने गए हैं। यूपीएससी ने बताया कि परीक्षा के इस वर्ष इंटरव्यू का समापन 9 अप्रैल 2024 को हुआ था। आईएएस के लिए इंटरव्यू 4 जनवरी को शुरू हुए थे और 9 अप्रैल (शेष पेज 2 पर)

आचार्य समय सागर का भव्य पदारोहण समारोह

जीवन धन्य हो गयाः डॉ. यादव

दमोह (निप्र)। समाधिष्ट आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के आचार्य पद पर 108 समय सागर महाराज का आचार्य पद पदारोहण समारोह आज तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ संचालक मोहन भागवत, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, मध्य प्रदेश के पंचायत मंत्री पहलाद पटेल, पूर्व मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया, पूर्व सांसद प्रदीप जैन आदित्य,सांसद, विधायक उपस्थित हुए।निर्यापक मुनि योग सागर महाराज ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें आचार्य महाराज ने आदेशित किया था। आचार्य पद पर समय सागर महाराज तथा सभी निर्यापक मुनि राजों को आचार्य संघ को विस्तारित करने के लिए शिक्षा और दीक्षा देने के अधिकार, जिन धर्म और जिन शासन की प्रभावना करने की भावना व्यक्त की थी। आचार्य श्री की इस भावना को योग सागर महाराज ने सभी मुनिसंघ और समाज के सामने रखी । उन्होंने कहा आचार्य भगवान की यह भी इच्छा थी की सभी संघ एक जगह एकत्रित हो, तब सम्पूर्ण संघ की उपस्थिति में आचार्य पद का पदारोहण संपन्न किया जाए। इस कार्यक्रम का संचालन निर्यापक मुनि प्रमाण सागर ने किया. निर्यापक मुनि सुधा सागर महाराज ने कहा कि श्रवण संस्कृति की परंपरा साक्षात कुंदकुंद महाराज के समय से चली आ रही है। आचार्य विद्यासागर महाराज, साक्षात कुंदकुंद महाराज की प्रतिकृति थे. आचार्य महाराज ने कभी गुरु आज्ञा का उल्लंघन नहीं किया। ज्ञान सागर महाराज की दूर दृष्टि थी। जो उन्होंने बहुत कम उम्र में अपने दीक्षित मुनि विद्यासागर को आचार्य पद दिया। कुंडलपुर (शेष पेज 2 पर)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज कुण्डलपुर में आचार्य पदारोहण महामहोत्सव में आकर ऐसा लग रहा है कि देवताओं की भी आंखें तरस रही होगीं आज के इस दृश्य को देखकर। आचार्य समय सागर जी महाराज के पदारोहण के इस दृश्य को देखकर हम सभी इसे समझने की कोशिश करते रहेंगे, लेकिन सही अर्थ में यह हमें समझ में नहीं आएगा कि हम कौन सी दुनिया में पहुंच गए हैं। यह विचार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज देश के सबसे बड़े जैन तीर्थ स्थल कुण्डलपुर में आचार्य मुनिश्री समय सागर महाराज के आचार्य पदारोहण महा महोत्सव में व्यक्त किये। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत जी भी उपस्थित थे। डॉ मोहन यादव ने कहा कि ऐसा लग रहा है परमात्मा ने यह क्षण देकर हमारे जीवन को धन्य कर दिया हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा भारत की विशेषता और परमात्मा की कृपा है कि इस पृथ्वी पर कई जन्मों के पुण्य के बाद मृत्यु लोक में ऐसे कुछ क्षण मिलते हैं, जो हमारे जीवन को धन्य कर जाते हैं। मानव से महामानव और महामावन से देवत्व धारण कर लें, ऐसे देवता के दर्शन हो जाए तो वाकई जीवन धन्य हो जाता है। ऐसा लगता है अब इस घड़ी के बाद कुछ बचा नहीं, सब कुछ प्राप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन काल में आचार्य विद्यासागर जी महाराज जीते जी देवत्व धारण कर गये, उनकी कृपा से हमारी सरकार बनी तो हमने पहली कैबिनेट के पहले निर्णय में कुछ बातें इस प्रकार से जोड़ी, जिस कारण से हमारी सनातन संस्कृति युगो-युगो से दुनिया में (शेष पेज 2 पर)

मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए, तीन जवान घायल

जगदलपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में आज पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए और तीन जवान घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से चार ए के 47 राइफल और अन्य हथियार जप्त किए हैं।

दिन में हुयी मुठभेड़ में पहले 18 नक्सलियों के मरने की खबर आयी थी। बाद में यह संख्या बढ़कर 29 हो गयी। मृत नक्सलियों में एक कमांडर भी बताया गया है। कांकेर जिला पुलिस के अनुसार जिले के छोटेबेटिया थाने से जिला पुलिस बल, स्पेशल टॉस्क फोर्स और सीमा सुरक्षा बल के जवान गश्त पर निकले थे। थाने से लगभग 15 किलोमीटर दूर जंगल में बिनागुंडा और कोरोनार के पास गश्ती दल और नक्सलियों का आमना सामना हो गया। इस दौरान हुई भीषण मुठभेड़ एक घंटे से अधिक समय तक चली और नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ। वहीं गश्ती दल में शामिल एक निरीक्षक और दो जवान घायल हो गए । घायलों को बेहतर इलाज के लिए राज्य की राजधानी रायपुर भेजा गया है।

सलमान के घर के बाहर गोलीबारी करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बांद्रा वेस्टे में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को सोमवार देर रात गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि गोलीबारी के बाद मुंबई से भागे दोनों आरोपियों को गुजरात के भुज से गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आगे की जांच के लिए गिरफ्तार दोनों आरोपियों विक्की साहब गुप्ता और सागर श्रीजोगेन्द्र पाल को मुंबई लाया जाएगा। ये दोनों आरोपी बिहार के चंपारन जिले के रहनेवाले बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी करने वाले मोटरसाइकिल सवार दोनों आरोपी करीब एक महीने तक नवी मुंबई के पनवेल इलाके में किराये के मकान में रहे।

कांग्रेस भारतीय संविधान को बचाने की कोशिश कर रही हैः राहुल

कोझिकोड(एजेंसी)।

केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए वायनाड सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को तिरुवेम्बडी में अपने विशाल रोड शो के दौरान कहा कि कांग्रेस भारतीय संविधान को बचाने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी ने रोड शो के दौरान कहा कि इस चुनाव में केवल एक ही मुद्दा है और अन्य सभी मुद्दे इसी मुख्य मुद्दे से उपजे हैं और यह वह तरीका है जिससे आरएसएस/भाजपा संविधान को नष्ट करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं और इसे बदलना भी चाहते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस संविधान को बचाने की कोशिश कर रही है, जिसका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया।

स्पेशल खबर *ईवीएम पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा...*

बैलट पेपर पर लौटने से भी कई नुकसान

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव में ईवीएम की जगह मतपत्रों के उपयोग को लेकर जारी चर्चाओं के बीच मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैलट पेपर पर लौटने से भी कई नुकसान हैं।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना ने ईवीएम को हटाने की याचिका के पक्ष में अपनी बात रख रहे प्रशांत भूषण से पूछा कि अब आप क्या चाहते हैं? प्रशांत भूषण ने कहा कि पहला बैलेट पेपर पर वापस जाएं। दूसरा फिलहाल 100 फीसदी वीवीपीएटी मिलान हो। अदालत ने कहा कि देश में 98 करोड़ वोटर हैं। आप चाहते

हैं कि 60 करोड़ वोटों की गिनती हो। प्रशांत भूषण ने कहा कि बैलेट से वोट देने का अधिकार दिया जा सकता है या वीवीपैट मे जो पर्ची है उसे मतदाताओं को दिया जाए। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि सामान्यतः मानवीय हस्तक्षेप से समस्याएं उत्पन्न होती हैं। समस्या तब पैदा होती है जब मानवीय हस्तक्षेप होता है या जब वे सॉफ्टवेयर या मशीन मे अनधिकृत परिवर्तन करते हैं। यदि आपके पास इसे रोकने के लिए कोई सुझाव है, तो आप हमें दे सकते हैं। प्रशांत भूषण ने वीवीपैट की पर्ची मतदाताओं को देने की मांग के साथ कहा कि मतदाता उसे एक बैलेट बॉक्स मे डाल दे। अभी जो वीवीपैट है उसका बॉक्स ट्रांसपेरेंट नहीं है।सिर्फ सात सेकेंड के लिए पर्ची वोटर को दिखाई देती है। वकील संजय हेगड़े ने मांग की कि ईवीएम पर पड़े वोटों का मिलान वीवीपीएटी पर्चियों से किया जाना चाहिए। जस्टिस (शेष पेज 2 पर)

कांग्रेस असम में चाय बागान के श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाएगीः प्रियंका

तिताबोर (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने असम के जोरहाट में पार्टी उम्मीदवार गौरव गोगोई के समर्थन में मंगलवार को रोड शो किया और कहा कि यदि विपक्षी गठबंधन को लोकसभा चुनाव में जीत हासिल होती है तो चाय बागान के श्रमिकों की दैनिक मजदूरी बढ़ाई जाएगी। यहां एक रोड शो के दौरान भारी भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ दल

संविधान को भी 'बदलना' चाहता है और अगर ऐसा हुआ, तो देश के आम लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान होगा। प्रियंका ने कहा कि जब मैं दो-तीन साल पहले विधानसभा चुनाव से पूर्व असम आई थी और चाय बागानों का दौरा किया था, तो मैंने कांग्रेस की सरकार बनने पर मजदूरी बढ़ाने का वादा (शेष पेज 2 पर)